## हमसे कैसे संपर्क करें

- आप किसी भी समय हमें फोन कर सकते है **1800 999 057** - यह लैंडलाइन से एक नि:शुल्क फोन है
- MHAS को कॉल करने के लिए आप मानसिक स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों से कह सकते है और उनके लिए ऐसा 24 घंटों के भीतर जरूर करना होगा
- MHAS कार्यालय सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8.30 से सायं 4.30 तक खुला है लेकिन आप आनसरिंग मशीन पर अपना संदेश छोड़ सकते है, चाहे सप्ताहांत हो, हम जितनी जल्दी हो सके आपसे संपर्क करेंगे। हमें आपका नाम, संपर्क नम्बर, जन्म तिथी और आप कहां पर रह रहे है, यह जानकारी चाहिए
- हमारी वेबसाइट देखें: **www.mhas.wa.gov.au**

## हम कौन हैं - मानसिक स्वास्थ्य वकालत सेवा (MHAS)

- MHAS एक मुफ़्त सेवा है जो कि अस्पतालों और सभी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से अलग है
- हम आपकी इच्छानुरुप आपकी वकालत करते है ताकि आपकी बात सुनी जा सके
- हमें *मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2014* के अंतर्गत शक्तियां दी गई है ताकि आपकी वकालत करने में हमें मदद मिल सके। यदि आपको आपत्ति नही है तो हम आपकी चिकित्सा फाईल को देख सकते है और आपके इलाज़ एवं देखभाल के बारे में आपके सवालों के ज़वाब देने का प्रयास कर सकते है
- मानसिक स्वास्थ्य सेवा कर्मचारी द्वारा हमारे सवालों के जवाब जरूर दिए जाने चाहिए, हमें जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए और मामलों को सुलझाने में हमारी मदद करनी चाहिए।

## सहायक संपर्क

### मानसिक स्वास्थ्य वकालत सेवा

जवाबी 84455 - कोई डाक टिकट नही चाहिए

फोन: (08) 6234 6300 या

मुफ्तफोन: 1800 999 057

Website: www.mhas.wa.gov.au

### अन्य सहायक संपर्क

स्वास्थ्य उपभोक्ता परिषद
स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित वकालत, जानकारी एवं सलाह हेतु
फोन: (08) 9221 3422 अथवा मुफ्तफोन: 1800 620 780

**मानसिक स्वास्थ्य कानून केंद्र**
मानसिक स्वास्थ्य ट्रिब्यूनल सुनवाईयों पर कानूनी सलाह एवं आभ्यावेदनों हेतु
फोन: (08) 9328 8266 या मुफ्तकॉल: 1800 620 285
या सलाह लाईन : (08) 9328 8012

**स्वास्थ्य एवं विकलांगता सेवा शिकायत कार्यालय (HaDSCO)**
सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सेवा से संबंधित शिकायतों की जांच हेतु
फोन: (08) 6551 7600 या मुफ्तकॉल: 1800 813 583

MHAS
MENTAL HEALTH ADVOCACY SERVICE

MHAS
MENTAL HEALTH ADVOCACY SERVICE

HINDI

# आपकी आवाज़ सुनी जाएं - अपने अधिकार जानें

**मुफ्तकॉल 1800 999 057**

## हम आपकी मदद के लिए क्या कर सकते है

**मानसिक स्वास्थ्य वकील आपके अधिकारों की रक्षा करने के लिए है, जैसा आप चाहते है वैसा आपकी इच्छाओ के अनुसार व्यक्त करने और ब्यान करने में आपकी मदद करते है।**

**हम आपके साथ है और निम्नलिखित में मदद कर सकते है:**

- अपने अधिकारों को समझे और लागू करें
- अपने डॉक्टर या चिकित्सा टीम के साथ एक बैठक की व्यवस्था करें और हमें अपने साथ ले जाएं
- अपनी चिकित्सा टीम को अपनी इच्छाएं बताएं
- अन्य मनोचिकित्सक से दूसरी राय लें
- आपके बारे में किए गए अनैच्छिक आदेश या अन्य निर्णयो संबंधी समीक्षा करवाने हेतु मानसिक स्वास्थ्य ट्रिब्यूनल में आवेदन करें
- ट्रिब्यूनल सुनवाई में आपकी मदद करेगें
- आपको वकील के पास भेजेगें
- आपके ईलाज़, सहायता या रिहाई योजना संबंधी जानकारी प्राप्त करते है
- मानसिक स्वास्थ्य सेवा के बारे में शिकायत करते है
- आपके लिए दुभाषिये का प्रबंध करते है
- आपके परिवार या अन्य सहायक व्यक्ति से संपर्क करते है।

**हम *मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सिद्वांतों के चार्टर* के अनुरुप उसके अनुपालन को बढ़ावा देते है ताकि आपको उत्तम ईलाज़ एवं हरसंभव देखभाल मिल सके।**

## हम किसकी मदद कर सकते है

**मानसिक स्वास्थ्य वकील आपकी मदद कर सकते है यदि आप:**

- अस्पताल में एक अनैच्छिक मरीज़ है
- कोई व्यक्ति जो समुदायिक उपचार आदेश पर हो (CTO)
- कोई व्यक्ति जिसे मनोचिकित्सक द्वारा जॉच के लिए भेजा गया हो (यदि आपको हिरासत में रखा जा रहा है तो उन्हें आवश्यकतौर पर हमें कॉल करने दिया जाना चाहिए)
- अस्पताल का स्वैच्छिक मरीज़ जिसे जाने नही दिया जा रहा है क्योंकि आपको मूल्यांकन के लिए हिरासत में रखा जा रहा है
- *आपराधिक कानून (मानसिक रूप से विकृत अभियुक्त) अधिनियम 1996* के तहत मानसिक रूप से विकृत आरोपी व्यक्ति (उदाहरण के लिए अस्पताल या हिरासत आदेश पर हो) और उसे अधिकृत अस्पताल या समुदाय के बीच रहते हुए हिरासत में रखा गया हो
- एक निजी मनोरोग छात्रावास का एक निवासी हो

**यदि आपको पक्का नही है कि आप उपरोक्त में से एक है, किसी भी स्थिति में हमें कॉल करें:**

- हम आपकी सेवा करने में सक्षम हो सकते है
- हम फिर भी आपके अधिकार बता सकते है या
- हम आपको किसी ओर के पास भेज सकते है जो आपकी मदद कर सकते हैं।

आपके परिवार वाले, देखभाल करने वाले अथवा अन्य सहायक व्यक्ति आपकी ओर से हमें कॉल कर सकते है, यदि आपकी मंजूरी हो तो हम उनके साथ आपके लिए काम कर सकते है।

## हम कब आपसे मिलेंगे

**यदि आप 18 साल से ऊपर है तो एक मानसिक स्वास्थ्य वकील 7 दिनों के भीतर आपसे संपर्क करेगा और 18 साल से कम है तो 24 घंटो के भीतर आपसे संपर्क करेगा, यदि:**

- आपको सिर्फ एक अनैच्छिक रोगी बना दिया गया है
- आपको सिर्फ एक सामुदायिक उपचार आदेश (CTO) पर डाल दिया गया है
- आप पर मानसिक विकृति का आरोप लगाया गया है और हाल में एक अधिकृत अस्पताल में हिरासत मे रखा गया है।

**आपको यह भी अधिकार है कि आप हमें किसी भी समय कॉल कर सकते है या आप मानसिक स्वास्थ्य सेवा कर्मचारी को हमें कॉल करने के लिए कह सकते है, और:**

- एक वकील या तो तुम्हें जल्दी से जल्दी वापिस फोन करेगा या जितना संभव हो सके मिलने की कोशिश करेगा
- यदि आपको जॉच के लिए भेजा गया है तो एक मानसिक स्वास्थ्य वकील 3 दिनों के भीतर आपसे जरूर मिलेगा लेकिन हम आपसे 24 घंटो के भीतर मिलने का प्रयास करेगें
- यदि आपकी उम्र 18 से नीचे है तो वकील आपसे 24 घंटो के भीतर संपर्क करेगा।

मानसिक स्वास्थ्य वकील जब किसी अस्पताल, मानसिक स्वास्थ्य सेवा या छात्रावास में जाते है तो उस दौरान आप उनसे मिल भी सकते है।

हमारे मानसिक स्वास्थ्य वकील पर्थ, अल्बानी, बनबरी, कल्गूरी तथा ब्रूम आधारित है। यदि आप किसी अन्य स्थान पर है तो हम फोन पर आपसे संपर्क कर लेंगे।